वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 305 | गुरुवार 2 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## गहलोत-डोटासरा ने मंत्रियों को दी सीख



### एक दूसरे के खिलाफ विवादित बयान ना दें

**जयपुर. कासं।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने बुधवार को सभी मंत्रियों को एक दूसरे के खिलाफ विवादित टिप्पणी नहीं करने और अनुशासन बनाए रखने की सीख दी है। विधानसभा में कैबिनेट और मंत्री परिषद की बैठक के बाद दोनों नेताओं ने मंत्रियों के साथ अलग से अनौपचारिक रुप से बात की। बैठक के दौरान गहलोत ने कहा कि सभी मंत्री एक दूसरे के खिलाफ अनावश्यक टिप्पणी ना करे जिससे पार्टी का माहौल खराब हो। हमें ऐसी टिप्पणी से बचने की जरूरत है। गौरतलब है कि मंगलवार को विधानसभा में होमगार्ड मंत्री राजेन्द्र गुढ़ा ने संसदीय कार्यमंत्री के जवाब के बीच ही यह टिप्पणी कर दी थी कि उनके खिलाफ झूठा मुकदमा लगाया गया है। इस पर शांति धारीवाल ने यह कहा कि मुकदमा झूठा होगा तो एफआर लग जाएगी। गहलोत सरकार में सचिन पायलट समर्थक माने जाने वाले गुढ़ा पहले भी धारीवाल सहित कई अन्य मंत्रियों पर विवादित बयानबाजी कर चुके है। एक बार तो उन्होंने यह भी कह दिया था कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो अगले चुनाव में हमारी सीटें फॉरच्यूनर में बैठने लायक आएगी।

## होरी होरी होरी खेलत नंदलाल...



### राधा—कृष्ण स्वरूप ने गोविंददेवजी के दरबार में साकार की बरसाने की होली

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

शहर के आराध्य गोविंददेवजी मंदिर में चल रहे होलिकोत्सव के तीसरे दिन बुधवार को कलाकारों की सामूहिक प्रस्तुतियों ने बरसाने की होली को साकार कर दिया। कथक नृत्य के माध्यम से ठाकुर जी को रिझाने का सिलसिला तीसरे दिन भी जारी रहा। कलाकारों ने ठाकुर जी के दरबार में अपनी प्रस्तुति दी। होलिकोत्सव में पं जगदीश शर्मा ने 'गजानन सब विधि पूरणकाम के साथ शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने मंदिर में 'होली खेले छै गोविंदो गिरधारी... सुनाकर माहौल जमाने का प्रयास किया। शशि भट्ट ने प्राचीन लोक रचना लहरदार चूनडी क्यूं फाड़ी रे सांवरिया के माध्यम से कान्हा के नटखट स्वरूप का चित्रण किया। कार्यक्रम संयोजक गौरव धामाणी ने बताया कि मंजूलता भट्ट ने होरी खेलन पधारो वृंदावन में गीत सुनाकर होली का आमंत्रण दिया। मोहन कुमार बालोदिया ने आई है फागुण की रूत...., ल्याओ रंग अबीर गुलाल रचना सुनाकर माहौल का सतरंगी कर दिया। कमल कांत कौशिक, ईश्वर दत्त माथुर, समता गोदीका, राजेन्द्र मेवाल, महेन्द्र स्वामी, गौरव भट्ट ने भी फाल्गुनी रचनाएं सुनाई। कथक नृत्य गुरु ज्योति भारती गोस्वामी और उनकी शिष्याओं ने ठुमरी होरी होरी खेलत नंदलाल पर कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्यगुरु कौशल कांत पंवार ने अन्य कलाकारों के साथ जो पिया आएंगें ब्रज सें पलट के... ठुमरी पर कथक नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने जसोदा को लाल खेले होरी पर भी नृत्य किया। डेढ दर्जन कलाकारों ने 'कैसी होरी श्याम मचाये रे... पर नृत्य किया। परवीन मिर्जा के भक्त कवि युगल की सुपरिचित रचना ओ रे नन्द बाबा ने खीज्यो रे पर प्रख्यात नृत्यांगना ज्योति भारती गोस्वामी ने नृत्य प्रस्तुत किया। इनके अलावा डॉ अंकित, डॉ तरुणा जांगिड़, नृत्यगुरु राजेन्द्र राव, बबलू दयाशंकर, दिल्ली से आए कथक गुरु हरीश गंगानी ने भी कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संजय रायजादा और मंजू शर्मा ने किया।

## शिक्षक भर्ती परीक्षा: अंतिम दिन 63.10 फीसदी हुए शामिल

**जयपुर. कासं।** तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा का बुधवार को आखिरी दिन रहा। सिंधी विषय के 9 पदों पर हुई परीक्षा के लिए 271 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 100 परीक्षा देने नहीं पहुंचे। ऐसे में तक हुई परीक्षाओं में आज सबसे कम 63.10 फीसदी उपस्थिति दर्ज की गई। इस परीक्षा के संपन्न होने के साथ ही अब अभ्यर्थियों को रिजल्ट का इंतजार रहेगा। पांच दिन नौ पारियों में आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 9 लाख 65 हजार 365 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 9 लाख 2 हजार 325 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जबकि 63 हजार 40 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कुल उपस्थिति 93.47 फीसदी रही। प्रदेश की सबसे बड़ी तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती परीक्षा बुधवार को सिंधी विषय की परीक्षा के साथ संपन्न हुई। जयपुर के परीक्षा केंद्र पर आयोजित इस भर्ती परीक्षा में भले ही पंजीकृत अभ्यर्थी कम हो, लेकिन जांच व्यवस्था में कोई कोताही नहीं बरती गई। पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन और शिक्षा महकमे की संयुक्त टीम की ओर से अभ्यर्थियों की जांच सुनिश्चित करने के बाद ही उन्हें परीक्षा कक्ष में बैठने की अनुमति दी गई। हालांकि इस परीक्षा को लेकर पंजीकृत अभ्यर्थियों में ज्यादा उत्साह देखने को नहीं मिला। यही वजह रही कि 271 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 171 अभ्यर्थी ही परीक्षा देने पहुंचे।

## वीरांगनाओं के साथ किरोड़ी का धरना जारी, सीएम सचिव से वार्ता बेनतीजा

**जयपुर. कासं।** पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं को उनका हक दिलाने के लिए सांसद किरोड़ी लाल मीणा धरने पर बैठे हैं। उनके साथ वीरांगनाएं भी धरना दे रही हैं। शहीद स्मारक पर चल रहे धरने में राज्यमंत्री राजेंद्र गुढ़ा भी बुधवार को पहुंचे। उन्होंने किरोड़ी व वीरांगनाओं से बात की। इसके बाद किरोड़ी ने सीएम की सचिव आरती डोगरा से वार्ता की। जहां वीरांगनाओं ने अपनी बात को रखा। हालांकि वार्ता बेनतीजा रहा, जिसकी वजह से धरना जारी रहा। किरोड़ी ने कहा कि सीएम सचिव से बात हुई है। शहीदों के अंतिम संस्कार पर मंत्रियों ने जो घोषणा की थी। उन्हें लेकर वीरांगनाओं ने अपनी बात रखी, धरना फिलहाल जारी रहेगा। इससे पहले धरना स्थल पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पहुंचे। उन्होंने किरोड़ी से वार्ता की। साथ ही वीरांगनाओं की बात को भी सुना। राठौड़ के अलावा विधायक मदन दिलावर, चंद्रकांता मेघवाल, संदीप शर्मा, नरेंद्र नागर सहित कई नेताओं ने भी धरना स्थल पहुंचकर किरोड़ी से मुलाकात की।






# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मैत्री, जयपुर का शपथ विधि एवं मैत्री रजवाड़ी शानदार कार्यक्रम सम्पन्न






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुहाना मण्डी रोड स्थित आइरन रिसोर्ट में मैत्री जयपुर की शपथ विधि एवं मैत्री रजवाड़ी कार्यक्रम शानदार प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जयपुर में प्रथम बार इन्दौर से पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कल्पना विनायका, राष्ट्रीय महासचिव विपुल नीलम बाँझल, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल नीलिमा बिलाला की गौरवमय उपस्थिति रही। शपथ विधि अधिकारी आशीष -सरीता जैन सुत वाले, राष्ट्रीय परामर्शक महैन्द कुमार पाटनी व अनील कुमार- शशी जैन,राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार पाण्डय व नवीन-शशी सेन जैन,रीजन अध्यक्ष राजेश -सीमा बड़जात्या, रीजन सचिव निर्मल -सरला संघी, रीजन कोषाध्यक्ष पारस-मन्जू जैन रीजन निवर्तमान अध्यक्ष यश कमल-संगीता अजमेरा,रीजन कार्याध्यक्ष सुनील बज उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्व प्रथम फेडरेशन व रीजन पदाधिकारी का स्पेशल बनाए गए राजस्थान के जयपुर, बीकानेर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, जेसलमेर , जोधपुर घरानों के द्वारा बारी बारी से विभिन्न माध्यमों से शानदार प्रस्तुति के साथ स्वागत किया गया, सम्मान समारोह ने सभी अतिथियों का मन मोह लिया। उसके पश्चात होली के अवसर पर सभी राष्ट्रीय एवं रीजन के पदाधिकारियों के साथ ग्रुप सदस्यों ने फूलो के साथ होली खेली। प्रचार सचिव गोरव जैन ने बताया सायंकाल में शपथ विधि अधिकारी आशीष जैन सुतवाला के द्वारा मैत्री ग्रुप जयपुर की वर्ष 2022 की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। शपथ के लिए सभी पदाधिकारीयो को विभिन्न तरीकों से जूलूस के रुप में लेकर आया गया। रात में राजस्थानी धुनों पर म्यूजिककल हाऊजी खिलाई गई। निवर्तमान अध्यक्ष रमेश - संगीता सोगानी ने अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को बताते हुए भविष्य में नई कार्यकारिणी को पुर्ण सहयोग देने की भावना व्यक्त की। नव मनोनीत अध्यक्ष सुनील - मोनिका बड़जात्या ने सभी सदस्यों के सहयोग से आने वाले वर्षों में होने वाले कार्यक्रम की रुपरेखा प्रस्तुत की। नव मनोनीत सचिव अजय -शशी रानी जैन ने सभी आगन्तुको का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन आलोक जैन द्वारा किया गया। कार्यक्रम संयोजक अमित-पूजा, विनोद - प्रियंका पाटनी व निर्मल- शशी जैन को सभी अतिथियो एवं ग्रुप सदस्यों के द्वारा शानदार कार्यक्रम प्रस्तुति के लिए के लिए बधाईयां दी।




## लायंस क्लब्स प्रांत 3233ई -1 एवम उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के रक्तदान शिविर में किया 544 रक्तदाताओं ने रक्तदान




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

**जयपुर।** हर वर्ष की भांति इस बार भी उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ जयपुर मण्डल एवम लायंस क्लब इंटरनेशनल प्रान्त 3233 ई के तत्वावधान में श्रेध्य स्वर्गीय केशव एच कुलकर्णी की स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का दिनांक 01 मार्च 2023 बुधवार को उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ कार्यालय जयपुर मंडल में प्रातः 10:00 बजे जयपुर में प्रांतपाल mjf लायन रोशन सेठी,pmcc लायन गोविंद शर्मा Rc mjf लायन यूसूफ अली देवड़ा ,लायन मृदुला जैन सयोजक लायन नेमी पाटनी,लायन अशोक बड़ाया,लायन सोभाग मल अग्रवाल लायन mjf लायन सुरेंद्र जैन एवम अन्य लायन उपस्थित हुए इस अवसर पर रेलवे मंडल के रीजनल मैनेजर नरेन्द्र उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के जोनल अध्यक्ष विनोद मेहता वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ हीना अरोड़ा रेलवे केंद्रीय अस्पताल के निदेशक पी सी मीना ने फीता काट कर शुभारंभ किया। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष सौरभ दीक्षित ने बताया कि इस रक्तदान शिविर के लिए सभी रेल कर्मचारियों ने अपना जोश दिखाते हुए 1000 से अधिक रेल साथियों ने अपने रक्तदान के लिए स्वेच्छा से पंजीयन करवाया तथा महिला कमर्चारियों ने भी 200 से ज्यादा की संख्या में पंजीयन करवा कर रक्तदान के प्रति अपना वर्चस्व दिखाया इस रक्तदान शिविर में 544 रक्तदाताओं ने रक्तदान कर इस शिविर में अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं की कतारें लगती रही जिसमे स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक, सवाई मानसिंह अस्पताल ब्लड बैंक, संतोकबा दुर्लभ जी ब्लड बैंक ने अपनी सेवाएं दी रक्तदान शिविर में mjf लायन धर्मेंद्र जैन,लायन राजकुमार जैन ने रक्तदान किया लायन साथियों ने व्यवस्थाओं को सुचारु बनाये रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

# सुधाकर पीयूष स्मृति में हर साल तीन खास पत्रकार पाएंगे सम्मान



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के वरिष्ठ सदस्य सुधाकर पीयूष की स्मृति में उनके परिवार ने पत्रकार सम्मान प्रदान करने का निर्णय किया है। यह घोषणा सुधाकर पीयूष के जन्मदिवस पर एक मार्च को की गई। जार उदयपुर जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा 'राजदीप' ने बताया कि सुधाकर पीयूष के परिवार ने जार उदयपुर के वरिष्ठ साथियों से उनकी स्मृति में प्रतिवर्ष पत्रकार पुरस्कार दिए जाने की इच्छा जाहिर की। इनमें एक सुधाकर पीयूष लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड होगा जो पत्रकारिता क्षेत्र में कला, साहित्य, संस्कृति, लोक परम्परा और हुनर के क्षेत्र में समर्पित लेखनी को प्रदान किया जाएगा। अन्य दो पुरस्कार ग्रामीण पत्रकारिता से होंगे जिनमें एक बेहतरीन रिपोर्टिंग व दूसरा फोटो जर्नलिज्म पर दिया जाएगा। इन पुरस्कारों में ग्रामीण विकास, सामाजिक सरोकार, जनसमस्याओं के समाधान, खोजपरक समाचार आदि कोई भी विषय हो सकते हैं। फोटो जर्नलिज्म में भी दुष्कर परिस्थितियों में कवरेज सहित विभिन्न विषय शामिल रहेंगे। सुधाकर पीयूष की पत्नी रेखा सुधाकर पीयूष ने बताया कि इस पुरस्कार के पीछे सुधाकर पीयूष के उस अभियान को आगे बढ़ाना है जिसके लिए वे जीवन भर सक्रिय रहे। गौरतलब है कि सुधाकर कला-साहित्य-संस्कृति की प्रतिभाओं को हर समय कला के प्रति निष्ठा रखने और निरंतरता बनाए रखने के लिए प्रेरित करते रहते थे। खासतौर से नवोदित प्रतिभाओं की वे सदैव हौसलाअफजाई करते थे। बता दें, इन पुरस्कारों का उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है। जिनके चयन के लिए शीघ्र ही वरिष्ठ पत्रकारों सहित प्रबुद्धजनों की एक कमेटी का गठन किया जाएगा।

रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप'

# आचार्य विवेक सागर महाराज का गाँव गुन्सी मे हुआ मंगल प्रवेश



**निवाई. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आचार्य विवेक सागर महाराज का बीस साल बाद निवाई मे गुरुवार को मंगल प्रवेश होगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आचार्य विवेक सागर महाराज के निवाई मे मंगल आगमन की तैयारियां चल रही है जो गुरुवार को गाजेबाजे के साथ मंगल प्रवेश होगा। गुरुभक्त नवरत्न टोंग्या ने बताया कि आचार्य विवेक सागर महाराज चार पिच्छीधारी के साथ मानसरोवर जयपुर से विहार करके सांगानेर पदमपुरा चाकसू कोथून होते हुए बुधवार को गुन्सी स्थित विज्ञा तीर्थ पंहुचे जहाँ विमल सोगानी, नवरत्न टोंग्या, अशोक चंवरिया, अनिल जैन, विमल जौंला ने स्वागत सत्कार करके अगुवानी की।

# श्री वीर सेवक मंडल का होली मिलन समारोह 4 को

जयपुर. शाबाश इंडिया। श्री वीर सेवक मंडल का होली समारोह ''फूलों की रंगारंग होली'' सी स्कीम स्कूल स्थित महावीर स्कूल प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही है। श्री वीर सेवक मंडल के अध्यक्ष महेश काला ने बताया कि इस मौके पर दीप प्रज्जवलनकर्ता समाजश्रेष्ठी उमरावमल-नवीन संघी और मुख्य अतिथि श्रेष्ठी अनिल-उमा दीवान होंगे। मानद मंत्री भानु कुमार छाबड़ा व कोषाध्यक्ष राकेश कुमार छाबड़ा ने बताया कि इस मौके पर चंग ढप पर कलाकार फागुनी गीतों पर आकर्षक प्रस्तुति देंगे।

# साथ आते-जाते हमारे कर्म व संस्कार, असंभव को भी संभव बना देती दुआएं: शिवानी दीदी

## परमात्मा के ज्ञान व मेडिटेशन से करें दिन की शुरूआत, ख्यातनाम अन्तरराष्ट्रीय आध्यात्मिक प्रवक्ता शिवानी दीदी को सुनने मोदी ग्राउण्ड पर उमड़े भीलवाड़ावासी




**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

लोग कहते है खाली हाथ आए है ओर खाली हाथ जाना है लेकिन ऐसा नहीं है। हमारे कर्म व संस्कार हमारे साथ आते है और हमारे साथ ही जाएंगे। पिछले जन्मों में जैसे हमारे कर्म व संस्कार थे वैसा हम ये जीवन मिला। अब जैसे कर्म व संस्कार करेंगे उसी अनुरूप हमारी आत्मा को अगला शरीर मिलेगा। इसलिए हमेशा श्रेष्ठ कर्म व संस्कार करें ताकि हमारे इस जीवन के साथ आत्मा जब शरीर बदले तब भी अच्छा जीवन प्राप्त हो। ये विचार भीलवाड़ा में पहली बार पधारी ख्यातनाम अन्तरराष्ट्रीय आध्यात्मिक प्रवक्ता एवं राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी ने बुधवार शाम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शाम 6 से रात 8 बजे तक आरसी व्यास कॉलोनी के मोदी ग्राउण्ड (भीमगंज स्कूल मैदान) में आयोजित कार्यक्रम में सुख, शांति एव तनावमुक्त जीवन के लिए जिंदगी बने आसान विषय पर उद्बोधन के दौरान व्यक्त किए। करीब 90 मिनट के उद्बोधन में शिवानी दीदी ने तनावमुक्त जीवन जीने एवं श्रेष्ठ कर्म से श्रेष्ठ भाग्य बनाने के लिए कई तरह के टिप्स प्रदान किए और आंखे बंद कराके स्वयं के बारे में विभिन्न प्रकार की अनुभूति कराई। उन्होंने कहा कि धन, अन्न, मन व तन ये जीवन के चार स्तम्भ है। केवल धन कमाना हमारा लक्ष्य नहीं होना चाहिए इसके साथ दुआएं भी आनी चाहिए। दुआएं मिलने पर क्षमता से भी ज्यादा धन कमाएंगे। पैसा हर कार्य नहीं कर सकता लेकिन दुआएं असंभव को भी संभव बना देती है। मेहनत धन कमाने के लिए नहीं बल्कि दुआएं कमाने के लिए की जानी चाहिए। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर 80 लाख से अधिक फॉलोअर वाली शिवानी दीदी ने कहा कि जैसा हम अन्न खाएंगे वैसा ही हमारा मन होगा। इसलिए हमे हमेशा सात्विक अन्न का सेवन करना चाहिए। परमात्मा की याद के साथ खाना खाते समय टीवी और मोबाइल बंद रखे। हिंसा व दर्द युक्त भोजन कभी खुशी नहीं दे सकता। तीन माह सात्विक भोजन करने का प्रयोग करे मन व तन हल्का महसूस होने के साथ कर्म भी श्रेष्ठ होंगे। दुनिया में सर्वाधिक बिकने वाली धार्मिक पुस्तक की श्रेणी में शुमार अनलिमिटेड हैप्पीनेस की रचियता मोटिवेशनल स्पीकर शिवानी दीदी ने कहा कि मन की श्रेष्ठता के लिए रोज सुबह दिन की शुरूआत परमात्मा के ज्ञान व मेडिटेशन से करे। श्रेष्ठ कर्म करने के लिए उसकी शक्ति को अपने अंदर भरे। मानसिक आपदा बढ़ने के दौर में हर परिवार में एक शक्ति कमाने वाली आत्मा चाहिए।

## काली बॉल का जवाब दें सफेद बॉल से

शिवानी दीदी ने विभिन्न प्रसंगों व उदाहरणों के माध्यम से जीवन में किस प्रकार कर्म हमारा भाग्य बनाते यह समझाते हुए कहा कि सामने वाला गलती करें तो हम उसका जवाब गलती से नहीं बल्कि अच्छाई के साथ देना है। जैसा हम कर्म करेंगे वैसा ही हमे प्राप्त होंगा। हम सामने वाली की काली बॉल का जवाब कॉली बाल से ही देंगे तो वापस हमे काली बॉल यानि बुराई ही प्राप्त होंगी लेकिन हम सामने वाले की कॉली बॉल यानि बुराई व गलती का जवाब सफेद बॉल यानि अच्छाई व क्षमा के साथ देंगे तो वापस हमे अच्छाई व क्षमा रूपी सफेद बॉल ही प्राप्त होंगी। शिवानी दीदी को सुनने के लिए मोदी ग्राउण्ड पर भीलवाड़ा वासियों का सैलाब उमड़ा। कार्यक्रम शुरू होने के निर्धारित समय शाम 6 बजे से पहले ही हजारों शहरवासी मोदी ग्राउण्ड पहुंच चुके थे। शहर के हर वर्ग समाज के गणमान्यजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। आयोजन के शुरू में शिवानी दीदी के साथ दीप प्रज्वलन करने वालों में राजस्थान बीज निगम के अध्यक्ष धीरज गुर्जर, भीलवाड़ा जिला कलक्टर आशीष मोदी, चितौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी, नगर परिषद सभापति राकेश पाठक, उद्यमी रामपाल सोनी, त्रिलोकचंद छाबड़ा, लादूलाल बांगड़, पूर्व विधायक विवेक धाकड़ भाजपा जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली, नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष एलएन डाड, महावीरसिंह चौधरी, सुरेन्द्रसिंह सुराना आदि शामिल थे।

## वेद ज्ञान

# जीवन में उद्देश्य का महत्व

जीवन की सार्थकता कर्तव्य कर्म का समुचित रूप से निर्वाह करने में है। जो कर्तव्य दायित्व हमें मिला है उसे सही और श्रेष्ठ रूप में कर लेने में बुद्धिमत्ता है। वैसे तो जीवन सभी को मिलता है, परंतु जो जीवन को महान कार्य में समर्पित कर देता है उसी का जीवन सफल है। जन्म और मृत्यु तो प्राकृतिक नियम है। यह तो होना ही है, परंतु कर्तव्य का समुचित नियोजन धर्म है। कर्तव्य के इस रहस्य को जीवन के मर्मज्ञ बखूबी जानते-समझते हैं और वे इसके लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने में पल भर भी देरी नहीं करते। वे सर्वदा अपने कर्तव्य कर्म को सर्वप्रमुख वरीयता प्रदान करते हैं। कर्म से ही जीवन की परिभाषा बनती है। सामान्य व्यक्ति इस रहस्य को नहीं जान पाने के कारण इतने बहुमूल्य जीवन को भोग के रूप में व्यर्थ ही गवां बैठते हैं। वास्तव में कर्तव्य उससे निभता है जिसके मन में साहस और हृदय में प्रीति है। साहसी ही साहस कर सकता है कि जो कार्य उसे दिया गया है उसे वह कर सके। कर्तव्य को निभा पाना आसान नहीं है। वीर और पराक्रमी अपने जीवन की परवाह किए बगैर अपने लक्ष्य को पूरा करते हैं। लक्ष्य के लिए वही मर-मिट सकता है जिसके भाव सघन होते हैं। ये दोनों बातें अर्थात साहस व शौर्य के साथ हृदय में झलकती भावना भी हो तो वही कर्तव्य का समुचित निर्वहन होता है। एक की भी कमी हो जाए तो समग्रता नहीं आ पाती है। जीवन सत्कर्मों के प्रभाव से विकसित और समुन्नत होता है और स्वार्थ-अहंकार के वशीभूत होकर पतन-पराभव में चला जाता है। जीवन उसका सफल है जो औरों के काम आ सके, दूसरों की सेवा कर सके और प्रेरणा का प्रकाश बन सके। ऐसे जीवन का छोटा-सा खंड (उम्र) भी शतायु पार करने वाले से उत्कृष्ट और महान होता है। वस्तुतः संसार में प्रत्येक मनुष्य का अपना कर्तव्य होता है और उसको शानदार ढंग से निभाने के लिए भगवान कुछ अवसर भी देता है। जो इस अवसर का लाभ उठाकर अपने कार्य में तत्पर हो जाता है उसी का जीवन सार्थक और प्रसन्न होता है। जीवन का हर पल मूल्यवान है। कौन जानता है कि जीवन का कौन-सा पल-क्षण आपको कहां से कहां पहुंचा दे।

## संपादकीय

# सुरक्षा से जुड़े सवाल...

सरकार का दावा है कि कश्मीर घाटी में हालात काबू में हैं। मगर पुलवामा के अचन गांव में एक कश्मीरी पंडित की हत्या से इस पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। यह सही है कि घाटी में सुरक्षा बलों और सैन्य ठिकानों पर हमले अब काफी कम हो गए हैं, लेकिन आम नागरिकों और खासकर कश्मीरी पंडितों और प्रवासी कामगारों की सुरक्षा से जुड़े सवाल अब भी अहम हैं। इन्हें लंबे समय से योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। इसे रोक पाने में सरकार को विशेष सफलता मिलती नहीं दिख रही है। लक्षित हमलों में अक्तूबर 2021 से अब तक पांच पंडितों की हत्या की जा चुकी है। इनमें से चार ऐसे थे, जिन्होंने 1990 में आतंक के भयावह दौर में भी घाटी से पलायन नहीं किया था। अचन गांव के साठ पंडित परिवारों में से उनसठ तभी पलायन कर गए थे। अब ताजा घटना में मारे गए कश्मीरी पंडित का परिवार भी पलायन की सोच रहा है। सरकार पंडितों पर खतरे से अनजान नहीं है। मारे गए व्यक्ति को पुलिस ने जान पर खतरे के बारे में पहले ही आगाह कर दिया था, जिसके बाद वे पिछले तीन-चार महीने से अपने काम पर नहीं जा रहे थे। घर के पास सुरक्षा के लिए पुलिस की भी तैनाती थी। इस सारे एहतियात के बावजूद उनकी हत्या हो जाने से लगता है कि आतंकियों के पास स्थानीय समर्थन है, जो उन्हें लक्ष्य की गतिविधियों की खबर देता था। इससे पहले भी ऐसे मामले सामने आए हैं, जिनमें पड़ोसियों या सहकर्मियों ने ही आतंकियों तक सूचनाएं पहुंचाईं और फिर किसी निर्दोष को निशाना बनाया गया। सुरक्षातंत्र आतंकी संगठनों और आतंकियों के बारे में खुफिया सूचनाएं इकट्ठा कर उनके इरादों पर पानी फेर सकता है, लेकिन जब आम नागरिक अपने पड़ोसी या सहकर्मी के बारे में आतंकियों को खबर देने लगें, तो इसे रोक पाना कठिन चुनौती है। इन हत्याओं से आम पंडितों और प्रवासी कामगारों को यह लगना स्वाभाविक है कि सरकार उनकी सुरक्षा में विफल है और वे फिर पलायन की सोच सकते हैं। पर यह आतंक को खाद-पानी देने जैसा होगा। आतंक के पोषक और उनके आका भी यही चाहते हैं कि डर कर घाटी में बचे-खुचे पंडित भी पलायन कर जाएं और दशकों पहले घर-बार छोड़ कर भाग चुके पंडित घर वापसी के बारे में कतई न सोचें। सरकार घर-बार छोड़कर भाग चुके पंडितों की घाटी में वापसी चाहती है। पर वे लोग, जिन्होंने नब्बे के दशक में आतंक के दौर में भी घाटी नहीं छोड़ा, अब चुन-चुन कर मारे जा रहे हैं तो जम्मू या देश के अन्य हिस्सों में रह रहे पंडितों को वापसी के लिए कैसे मनाया जा सकता है। असुरक्षा की भावना अब भी उतनी ही है, जितनी पहले थी। इनमें अपनी सुरक्षा के प्रति भरोसा जगाना सरकार की पहली जिम्मेदारी है। घाटी में सक्रिय आतंकियों के खात्मे में सुरक्षा तंत्र ने काफी कामयाबियां हासिल की हैं। अब जरूरत है खुफिया तंत्र को दूसरी तरह की चुनौतियों का सामना करने को तैयार करने की।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# हिंसा पर सवाल

पंजाब में एक और हिंसक घटना से वहां की कानून-व्यवस्था को लेकर फिर सवाल उठे हैं। तरनतारन जिले के गोइंदवाल केंद्रीय कारागार में जिस तरह दो आपराधिक गिरोह आपस में भिड़े और दो लोगों की हत्या कर दी गई, उसे लेकर चिंता स्वाभाविक है। इस घटना से दो दिन पहले ही अमृतसर के अजनाला थाने को घेर कर खालिस्तान समर्थकों ने अपने एक आदमी को छुड़ाने का दबाव बनाया। यह पहला मौका था, जब किसी थाने को घेर कर इस तरह किसी आरोपी को आम लोगों ने छुड़वा लिया। अब केंद्रीय कारागार में दो ऐसे आरोपियों की हत्या कर दी गई, जिनका गायक मूसेवाला की हत्या में हाथ माना जाता है। बताया जा रहा है कि जेल में दो अपराधी गुटों की आपस में भिड़ंत हो गई और लोहे की सरिया और बर्तनों से नुकीले हथियार बना कर हमला किया गया। मारे गए दोनों लोगों के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। यह समझना मुश्किल है कि जेल के भीतर सरिया आदि तक कैदियों की पहुंच कैसे संभव हो सकी। फिर सवाल यह भी है कि क्या जेल प्रशासन को यह जानकारी नहीं थी कि जिन दो गुटों के आरोपी जेल में बंद हैं, उनमें पुरानी रंजिश है और वे कभी भी आपस में भिड़ सकते हैं। पंजाब सीमावर्ती राज्य है, इसलिए वहां सुरक्षा को लेकर खासी सावधानी बरती जाती है। फिर केंद्रीय कारागार में, जहां खूंखार माने जाने वाले अपराधी कैद हों, वहां विशेष सतर्कता की अपेक्षा की जाती है। इसलिए गोइंदवाल जेल में हुई हिंसक झड़प से कई सवाल खड़े होते हैं। इस हत्या की जिम्मेदारी कनाडा में पनाह पाए गोल्डी बराड़ ने ली है। ऐसे में सवाल यह भी है कि क्या हत्या कराने वाले कनाडा में बैठ कर गोइंदवाल कारागार के भीतर साजिशों को अंजाम दे रहे थे। फिर, जेल प्रशासन इतना बेपरवाह कैसे था कि यह जानते-समझते हुए भी कि मूसेवाला हत्याकांड में गिरफ्तार आरोपियों में दो गिरोह के लोग हैं, जिनके बीच पुरानी रंजिश है, फिर भी उन्हें एक साथ बंद कर दिया गया। जेल प्रशासन का कहना है कि इन आरोपियों की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया था। फिर भी दोनों गुटों में भिडंत हो गई और दो लोगों की हत्या कर दी गई, तो यह भी समझ से परे है कि आखिर उस घटना पर काबू कैसे नहीं पाया जा सका। क्या सुरक्षा में तैनात लोग हाथ पर हाथ धरे देखते रहे। पंजाब में जबसे आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, अचानक आपराधिक वृत्ति के गिरोह और अलगाववादी ताकतें सक्रिय हो उठी हैं। जो पार्टी अपराध और नशाखोरी मिटाने के दावे के साथ सत्ता में आई थी, अगर वही इन मोर्चों पर विफल नजर आ रही है, तो उस पर सवाल स्वाभाविक हैं। इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता कि आम आदमी पार्टी की पंजाब सरकार वहां कानून-व्यवस्था के मामले में लचर साबित हो रही है। अब वह यह कह कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती कि उसे कामकाज संभाले अधिक दिन नहीं हुए। किसी भी सरकार की पहली काबिलियत इस बात से तय हो जाती है कि उसने सत्ता की बागडोर संभालने के साथ ही कानून-व्यवस्था के मामले में क्या रणनीति अपनाई। इस मामले में पंजाब सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। अगर यही सिलसिला बना रहा, तो बाहरी ताकतों को भी अपनी साजिशों को अंजाम देने का मौका मिलेगा।

# फागोत्सव 3 मार्च को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कल्पना संगीत विद्यालय द्वारा फागोत्सव दिनांक 3 मार्च 2023 को सायं 7बजे से आयोजित होगा। कलाकारों द्वारा होगी अनुपम प्रस्तुति कलाकारों और संगीत रसिकों के मध्य हमेशा की तरह हम सब के आराध्य जुगल किशोर जी के समक्ष होगी आप सब सादर आमंत्रित हैं।
नादब्रह्म मुपासमहे: स्थान-कल्पना संगीत विद्यालय, किशनपोल बाजार जयपुर।

# फन एंड रन मैराथन-नव वर्ष में नई दौड़ के साथ नई शुरुआत




जयपुर। कंवर नगर चार दीवारी में इतिहास में पहली बार क्षेत्रवासियों के लिए मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। चेतीचंड के पावन पर्व पर दिनांक 19 मार्च को यह मैराथन कंवर नगर से शुरू होगी जो कि झूलेलाल मंदिर तक जाएगी। क्षेत्रवासियों के लिए यह पहला मौका होगा जब उनके इलाके में इस तरह का भव्य आयोजन में वे हिस्सा ले सकेंगे। यह मैराथन तीन आयु वर्गों के लिए आयोजित की जा रही है जिसमें 5-8 साल, दूसरी 9-12 व तीसरी 12-15 आयुवर्ग के लिए। इस मैराथन में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को मैडल व सर्टिफिकेट तो मिलेगा ही साथ में व जीतने वाले पहले दूसरे व तीसरे तीनों ही कैटगिरी में पुरस्कृत भी किया जाएगा। भाग ले रही सभी प्रतिभागियों के स्वल्पआहार, टी- शर्ट और कैप संस्था के द्वारा ही प्रदान की जाएगी। इसे सिर्फ मैराथन न समझे बल्कि यह फन रन होगी जिसकी वजह है इसमें कार्टून कैरेक्टर, मैराथन में हिस्सा ले रहे बच्चों के लिए सरप्राइज गिफ्ट्स..उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए मेडिकल कैंप का प्रायोजन भी संस्था ने किया है। इस मैराथन में हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन फीस भी नॉमिनल रखी गई है जिससे ज्यादा से ज्यादा अभिभावक अपने बच्चों को पहली बार आयोजित हो रही अपने तरह की अनूठी मैराथन में हिस्सा दिलवा सके। आयुवर्ग 5-8 साल के लिए रजिस्ट्रेशन फीस जहां महज 200 रुपये रखी गई है तो वहीं 9-12 आयु वर्ग के लिए यह 250 रुपए मात्र ही होगी. 12 -15 आयु वर्ग के प्रतिभागियों के लिए महज 300 रुपये ही बकौल रजिस्ट्रेशन फीस देना होंगे ।
रजिस्ट्रेशन आरंभ की तिथि - 20 फरवरी
रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि -10 मार्च
फ्री प्रैक्टिस क्लास की तिथि - 17-18 मार्च स्थान संत कंवरराम रोचीज पार्क
प्रैक्टिस का समय - शाम 6-7 बजे तक
मैराथन स्थान - संत कंवरराम रोचीज पार्क
मैराथन का समय - सुबह 7-9 बजे
**रजिस्ट्रेशन के लिए दिए गए नंबर पर कॉल कर सकते हैं:** 19 मार्च को पहली बार आयोजित हो रही इस फन रन मैराथन में बच्चे ही नहीं उनके अभिभावक व रिश्तेदार भी साक्षी बन सकते है। मैराथन में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार गुरुवार 23 मार्च चेटीचंड के पावन पर्व पर उपलब्ध करवाए।

# कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स राजस्थान की टीम सदस्यों की जूम मीटिंग सम्पन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स राजस्थान की टीम सदस्यों की जूम मीटिंग राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल व राजस्थान के प्रभारी भूपेंद्र जैन के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई । मीटिंग में प्रवीण खंडेलवाल ने आगामी 18व 19 अप्रैल को दिल्ली में आयोजित केट के राष्ट्रीय अधिवेशन के संबंध में प्रकाश डालते हुए बताया कि केट के राष्ट्रीय अधिवेशन में भारत के सभी प्रदेशों के प्रमुख 500 प्रतिनिधि भाग लेगे व अधिवेशन में व्यापार व व्यवसाय से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित कर केन्द्र सरकार को भेजे जाएंगे। अधिवेशन मे व्यापार व व्यवसाय से संबंधित केन्द्रीय सरकार के माननीय मंत्रीयो को भी आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही उन्होंने राजस्थान के सभी ज़िलों में महिला उद्यमियों को जोड़ते हुए महिला केट टीम के गठन का भी सुझाव दिया। राजस्थान टीम की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष सुभाष गोयल, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र बज .प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोयल, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा सेठी कोषाध्यक्ष सचिन गुप्ता, प्रसन्न मेहता,राजकुमार पोखरना,संदीप अनेजा,सोभाग मल अग्रवाल ने अपने विचार रखे। प्रदेश अध्यक्ष सुभाष गोयल व महामंत्री सुरेन्द्र बज ने विशेष रूप से विश्वास दिलाया कि अखिल भारतीय अधिवेशन में 18-19 अप्रैल को राजस्थान से केंद्रीय नेतृत्व द्वारा दिये गये रूपरेखा के अनुसार 50 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे जिसमें राजस्थान के सभी ज़िलों का प्रतिनिधित्व रहेगा व राष्ट्रीय अधिवेशन से पहले राजस्थान के सभी ज़िलों में कैट टीम का गठन कर दिया जाएगा।

# जन्मोत्सव पर 30 प्रजाति के 300 पौधे लगाए गए



**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**

जिले के चार्ली नेचर पार्क बनेड़ा में चार्ली की स्मृति में उसके जन्मोत्सव पर 30 प्रजाति के 300 पौधे लगाए गए। पार्क के निदेशक संजय जैन ने बताया कि इस वर्ष 2100 पौधे लगाए जाएंगे। 500 पौधों का वितरण किया जाएगा। अपना संस्थान के प्रदेश सचिव विनोद मिलाना ने कहां की सिंगल यूज पॉलीथिन को कचरे में न फेंक कर, खाली प्लास्टिक की बोतल में भरकर , इकोब्रिक्स बनाने का उधम कार्य करें। माधव गौशाला के अध्यक्ष राज कुमार ने बताया कि इस 1 वर्षीय अभियान के समापन में, पांच दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें पर्यावरण संकल्पित परिवार सम्मेलन, साधक सम्मेलन, पर्यावरण के नवाचार करने वाले पूरे देश के लोगों का एक सम्मेलन, भीलवाड़ा जिले के विदेश में रहने वाले एन.आरआई.की एक गोष्ठी, स्वयंसेवी संस्थान सम्मेलन आदि इस प्रकार के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




# सेंन्ट जॉन्स स्कूल मे विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल प्रदर्शित




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

नसीराबाद । स्थानीय मिशन कंपाउण्ड स्थित सेंन्ट जॉन्स स्कूल में मंगलवार को राष्ट्रीय  दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में अनेक मॉडल प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा चार्ट के माध्यम से सोलर सिस्टम, पानी के स्त्रोत, मीन्स ऑफ ट्रांसपोर्ट, यातायात लाइट का महत्व, मकानों के प्रकार, वोलकानों, वाटर साइकल, अर्थ एंड स्काई, कंप्यूटर उपकरण आदि प्रदर्शित किए गए। वहीं टेलिस्कोप, रोबोट, सोलर लाइट, ह्यूमन एबूलेशन, सोलर इंटीगेशन, वाटर डेम, वाटर हार्वेसेंटिंग, वाटर साइकिल, वाटर डिस्पेंसर, एटीएम, लिफ्ट, कूलर, अर्थक्वेक अलार्म, टॉफी डिस्पेंसर, स्मार्ट कार, कॉपी मशीन, हाइड्रो इलेक्ट्रिसिटी प्लांट सहित काफी मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। अभिभावकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदर्शित मॉडलों की सराहना की।

# अ. भा. जैन पत्र सम्पादक संघ की राजस्थान इकाई की प्रादेशिक कार्यकारिणी गठित

जयपुर. शाबाश इंडिया

अखिल भारतीय जैन पत्र सम्पादक संघ की राजस्थान इकाई कार्यकारिणी का मनोनयन राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने निम्नलिखित प्रकार किया- संरक्षक मंडल- 1.श्री मिलापचन्दजी डंडिया जयपुर। 2.डा.एन.के.खींचा, जयपुर 3.श्री प्रवीण चंद छावड़ा, जयपुर। मार्गदर्शक- मंडल- 1.डा.संजीव भानावत, जयपुर 2. डॉ. अखिल बंसल जयपुर। 3.श्री महेन्द्र पाटनी, जयपुर रहेंगे। **कार्यकारिणी-** 1.अध्यक्ष- डॉ.अरविन्द कुमार जैन जयपुर 2. उपाध्यक्ष -श्री राकेश गोदिका (शाबाश इण्डिया) जयपुर , 3.उपाध्यक्ष- श्री कोसिनोक जैन (दै.नवज्योति) अजमेर, 4. महासचिव- श्री मनीष वैद (अनोखी पत्रिका) जयपुर 5.कोषाध्यक्ष - श्रीमती शैल बंसल जयपुर 6. प्रचार मंत्री - श्री पारस 'पार्श्व मणि' कोटा 7. प्रकाशन मंत्री - डा.मीना जैन, उदयपुर 8. सांस्कृतिक मंत्री - डॉ. मनीषा जैन लाडनूं (महावीर पथ) 9. सदस्य -श्री महावीर पाटनी सुजानगढ़ 10. सदस्य- श्री चक्रेश जैन श्री महावीरजी 11. सदस्य- डॉ. महावीर प्रसाद जैन उदयपुर 12.श्री तरुण जैन-संपादक वैज्ञानिक दृष्टिकोण- जयपुर रहेगे। शपथ ग्रहण शीघ्र किया जायेगा।

- डॉ. अखिल बंसल, राष्ट्रीय महामंत्री

# श्री महावीर साधना संस्थान कार्यकारिणी की मीटिंग सम्पन्न



जयपुर. शाबाश इंडिया

श्री महावीर साधना संस्थान के संस्थापक सदस्यों की मीटिंग 28 फरवरी को जस्टिस नरेंद्र जैन के निवास स्थान महावीर नगर पर आयोजित की गई। मीटिंग में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मानचित्र के अनुसार संस्थान की भूमि पर निर्माण कार्य किये जाने तथा इससे संबंधित प्रथक से निर्माण एवं वित्तीय तथा अन्य समितियों का गठन किए जाने पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। मीटिंग में जस्टिस नरेन्द्र जैन , सुरेंद्र पांड्या, अनिल जैन, सुरेश काला, सुभाष जैन, महावीर गोधा, विनोद बड़जात्या, बाबूलाल बाकलीवाल, रतन लाल कोठारी, माणक चंद सोगानी , नेमीचंद जैन, पदम चंद गंगवाल, वीर चंद जैन आदि ने भाग लिया। चर्चा के बाद मीटिंग में मुख्य समन्वयक समिति, स्वागत समिति, निर्माण समिति, वित्तीय समिति, उत्सव समिति व प्रचार प्रसार समितियों का गठन करके सभी सदस्यों को विभिन्न समितियों से जिम्मेदारी दी गई। मीटिंग में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत नक़्शे के अनुसार दिनाँक 8 मार्च को भवन की नीव का शिलान्यास करने का निश्चय किया गया। जिसके लिये विभिन्न समितियों को कार्यक्रम को मूर्त रूप देने के लिये विभिन्न प्रस्तावों को पूर्ण रूप दिया गया। अंत मे अनिल जैन अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद दिया।







# विमुक्ति गर्ल्स स्कूल के समारोह में कला के रंग...

**शाबाश इंडिया**

विमुक्ति गर्ल्स स्कूल, प्रतापनगर का समारोह रवीन्द्र मंच में आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन मुख्य अथिति आनन्द सेठ व लवलीना सोगानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए। कार्यक्रम की शुरूवात गणेश वन्दना से की गई। विमुक्ति यात्रा इसके बाद विमुक्ति गर्ल्स स्कूल की छात्राओं ने अपनी विद्यालय की यात्रा को दर्शाते हुए, वेलकम डांस, कल्चरल फ्यूजन, भागड़ा, योगा की प्रस्तुति ने दर्शको को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। इसके अलावा भागड़ा डांस की शानदार प्रस्तुति देखकर अभिभावकों और अथितियों का मन मोह लिया। इस अवसर पर, संस्था के बड़े सहयोगी आनन्द सेठ ने कहा कि बच्चो ने अद्भुत कायक्रम प्रस्तुत किए हैं हमे इन पर गर्व है। इन सुविधाओं से वंछित बालिकाओं की प्रस्तुति सराहनीय है। इस दौरान अभिभावक और अथितियों ने तालिया बजाकर छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। सभी मेधावी और प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह को सफल बनाने के लिए छात्राओ के प्रयासों की सराहना भी की। कार्यक्रम मे छात्राओं को उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। समारोह के अन्त में प्रिंसिपल ज्योति दीक्षित ने सभी छात्राओं, अतिथियों एवं अभिभावको को धन्यवाद दिया।






# सौरभ जैन का कवि सम्मेलन के मंच पर किया गया सम्मान




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कुछ लोगों को खुद अपने ऊपर गर्व होता है, लेकिन कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिन पर परिवार को, समाज को व सम्पूर्ण राष्ट्र को गर्व होता है क्योंकि ये लोग अपने जीवन में कुछ ऐसा असाधारण कर जाते हैं कि बहुत सारे लोगों के लिए तो इतना बडा सोचना भी असंभव होता है। हमारे बीच एक ऐसी ही शख्सियत हैं जिन पर पूरे राष्ट्र को गर्व है, जिन्होंने 24 घंटे बिना पानी पिए, बिना बायो ब्रेक लिए, बिना बैठे, बिना कोई नोट्स देखे, बिना कुछ खाए 24 घंटे की नॉन स्टॉप स्पीच दी, और एक ही दिन में सात वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए, स्पीच भी ऐसी दी कि जो 1 घंटे के लिए स्पीच सुनने आया था वो 3-4 घंटे तक अपनी सीट से हिल भी नहीं पाया। इस उद्बोधन के साथ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन के मंच पर हजारों दर्शकों की उपस्थित मे सन्मति अध्यक्ष राकेश समता गोदिका, सचिव अनिल निशा संघी, मुख्य समन्वयक यश कमल अजमेरा के साथ आयोजन समिति ने सम्मान किया।

**सौरभ जैन - Motivational Speaker:** आप व्यक्तिव विकास/पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं। आप प्रज्ञा इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनेलिटी डेवलपमेंट के डायरेक्टर हैं, प्रज्ञा इंस्टिट्यूट ऑफ पर्सनेलिटी डेवलपमेंट व्यक्तित्व विकास की श्रेणी में देश का सर्वश्रेष्ठ संस्थान है। उल्लेखनीय है कि देर रात्रि तक चले इस कवि सम्मेलन मे देश के ख्यात नाम कवियों ने अपनी रचनाओ से श्रोताओ को हास्य व्यंग के रंग मे डुबाये रखा। रिजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या सचिव निर्मल संघी के अनुसार समन्वयक मनीष लोंग्या परामर्शक दर्शन जैन, सह समन्वयक विनोद सोगानी, चक्रेश जैन, राजेश पाटनी, अनिल जैन चौधरी के साथ साथ सभी ने कार्यक्रम को सफल बनाने मे कोई कसर नहीं रखी थी।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल की हुई साधारण सभा

**अतिशय क्षेत्रों व मंदिरों के रखरखाव, जीर्णोद्धार व सुरक्षा पर हुई चर्चा, राष्ट्रीय मंत्री बनने पर जयपुर के महेश काला का हुआ सम्मान**




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल की साधारण सभा नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसियां में आयोजित की गई। सभा में करीब 300 के आसपास प्रतिनिधि एकत्रित हुए,जिन्होंने अतिशय क्षेत्रों व मंदिरों के रखरखाव उनके जीर्णोद्धार व उनकी सुरक्षा आदि पर अपने विचार रखे। भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी,राजस्थान अंचल के अध्यक्ष राजकुमार कोठ्यारी ने बताया कि सभा के प्रारंभ में मंगलाचरण सुभाष बज ने किया। इस मौके पर भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के परम संरक्षक एन के सेठी ने वर्तमान में अतिशय क्षेत्रों व मंदिरों के रखरखाव उनके जीर्णोद्धार व उनकी सुरक्षा पर बोलते हुए कहा कि हम सभी अपने धार्मिक तीर्थ क्षेत्रों व मंदिरों के संरक्षण के लिए मिल-जुलकर प्रयास करने होंगे ताकि भविष्य में आने वाली समस्याओं का सामना कर सके,इसके लिए अभी से इस दिशा में सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकताए है। इस मौके पर उन्होंने तीर्थ क्षेत्र कमेटी का अध्यक्ष पद का कार्यकाल भी कम से कम 5 या 10 वर्ष करने की बात कही ताकि जो भी अध्यक्ष आए वो सुनियोजित ढंग से अपने इस पद का निर्वहन कर सके। सभा में भारतवर्षीय दिगम्बर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिखरचंद पहाड़िया ने अतिशय क्षेत्र व मंदिरों की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करते हुए तीर्थ क्षेत्र के आर्थिक सहयोग के लिए भारत के समस्त मंदिरों, तीर्थों में दान के लिए गोलक रखने की बात कही ,साथ ही धार्मिक क्षेत्रों के संरक्षण व संर्वधन के लिए युवाओं से आगे आने का आह्वान किया। इस मौके पर जिन स्थानों पर मंदिरों के जैन मंदिर की देखभाल नहीं हो रही है,उन स्थानों पर मंदिरों के रखरखाव के लिए जैन परिवारों को बसाने पर भी चर्चा की गई। सभा के दौरान जयपुर के महेश काला को तीर्थ क्षेत्र कमेटी में राष्ट्रीय मंत्री चुने जाने पर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के परम संरक्षक एनके सेठी,राष्ट्रीय अध्यक्ष शिखरचंद पहाड़िया,मंत्री जयकुमार जैन कोटावाले, राजस्थान अंचल के अध्यक्ष राजकुमार कोठ्यारी ने माला,साफा पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर जस्टिस एनके जैन, तीर्थ क्षेत्र कमेटी राजस्थान अंचल के कोषाध्यक्ष रविन्द्र बज, कोषाध्यक्ष राजकुमार सेठी, श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्रीमहावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल,मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी,उपाध्यक्ष सीपी पहाड़िया व एसके जैन,कोषाध्यक्ष विवेक काला,संयुक्त मंत्री उमराव मल संघी व सुभाष जौहरी,श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट सुधीर जैन व मंत्री हेमंत सौगानी, श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरि के संरक्षक प्रवीण चंद छाबड़ा व अध्यक्ष राजेन्द्र के.शेखर, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाषचंद जैन व महामंत्री मनीष बैद,त्रिलोक शोध संस्थान के विजय जैन, आईपीएस अनिल जैन, सुरेन्द्र, पांडया,पीसी छाबड़ा, शैलेन्द्र गोधा, भानु कुमार छाबड़ा, राकेश छाबड़ा आदि मौजूद रहे।

# आचार्य वर्धमान सागर को श्रीफल भेंट



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया।**

नसीराबाद। स्थानीय दिगंबर जैन समाज की ओर से आचार्य वर्धमान सागर महाराज को नसीराबाद आने के लिए से मंगलवार को श्रीफल भेंट किया गया। दिगंबर जैन समाज के सदस्य सुशील कुमार गदिया ने बताया कि जैन समाज नसीराबाद की ओर से मंगलवार को ग्राम गेगल स्थित प्रेसीडेंसी स्कूल में विराजमान वात्सल्य वारिधि आचार्य वर्धमान सागर महाराज को नसीराबाद आने के लिए श्रीफल भेंट किया गया। इस अवसर पर गदिया के अलावा जैन युवा मंडल अध्यक्ष हर्षद बड़जात्या, मनोज बाकलीवाल, दीपक पाटनी, विजय पाटनी, मिक्की पाटनी, पदम चंद सेठी व उपस्थित थे।